**दिनांक–17.01.2025 को श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के द्वितीय चरण में चयनित 18 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः– यथा संधारित।

दिनांक–17.01.2025 को श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण की प्रगति की समीक्षा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना तथा सम्बन्धित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों एवं प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त, स0ब0प0 (मु0) के साथ की गई।

बैठक में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के द्वितीय चरण में 18 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण पूर्व गतिविधियों के प्रगति की समीक्षा की गई एवं जिलावार प्रगति निम्नवत पाई गईः–

**विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त से संबंधित दितीय चरण के 18 जिलों के प्रपत्र—1 से प्रपत्र-5 तक के कार्य की दैनिक प्रगति प्रतिवेदन**

दितीय चरण से संबंधित ग्रामों का विवरण

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | कुल अंचल की संख्या | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | कुल सर्वे प्रारंभ होने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | स्वघोषणा की स्थिति | | | | | भू—सर्वेक्षण सॉफटवेयर में प्रपत्र—5 में प्रविष्टि की स्थिति | | | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | रैयत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त कुल स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाईन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा में से अपलोड किये गये स्वघोषणा की संख्या | शिविर स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त स्वघोषणा में से अपलोड नहीं किये गये स्वघोषणा की संख्या (15-16=17) | ऑनलाईन एवं ऑफलाइन कुल स्वघोषणा की संख्या (14+15=18) | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि का कार्य प्रारम्भ किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि पूर्ण किया गया है। | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि अपूर्ण है। (4-20=21) | विशेष सर्वेक्षण अमीन की संख्या | |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | रोहतास | 19 | 2101 | 1958 | 629115 | 97979 | 92377 | 5602 | 727094 | 1572 | 829 | 1129 | 340 | |
| 2 | समस्तीपुर | 20 | 1258 | 1143 | 623302 | 101998 | 100992 | 1006 | 725300 | 764 | 263 | 880 | 230 | |
| 3 | मधुबनी | 21 | 1115 | 1081 | 161713 | 130940 | 114109 | 16831 | 292653 | 745 | 142 | 939 | 174 | |
| 4 | दरभंगा | 18 | 1314 | 1238 | 629536 | 114116 | 103442 | 10674 | 743652 | 1150 | 458 | 780 | 222 | |
| 5 | सारण (छपरा) | 20 | 1807 | 1605 | 122374 | 274082 | 187945 | 86137 | 396456 | 1078 | 445 | 1160 | 311 | |
| 6 | सिवान | 19 | 1535 | 1449 | 534545 | 55398 | 55398 | 0 | 589943 | 717 | 229 | 1220 | 252 | |
| 7 | गोपालगंज | 14 | 1566 | 1471 | 172404 | 196955 | 176647 | 20308 | 369359 | 1428 | 595 | 876 | 235 | |
| 8 | भागलपुर | 16 | 1574 | 1385 | 171467 | 146514 | 121611 | 24903 | 317981 | 1096 | 751 | 634 | 265 | |
| 9 | पू0 चम्पारण | 27 | 1346 | 1259 | 19601 | 115003 | 93534 | 21469 | 134604 | 1154 | 212 | 1047 | 223 | |
| 10 | पटना | 23 | 1511 | 1300 | 152427 | 167068 | 138824 | 28244 | 319495 | 1226 | 468 | 832 | 270 | |
| 11 | बक्सर | 11 | 1145 | 1109 | 57888 | 216783 | 176308 | 40475 | 274671 | 1023 | 381 | 728 | 190 | |
| 12 | भोजपुर | 14 | 1158 | 1158 | 124012 | 137785 | 127495 | 10290 | 261797 | 1130 | 298 | 860 | 209 | |
| 13 | कैमुर (भभुआ) | 11 | 1700 | 1680 | 115653 | 64426 | 61425 | 3001 | 180079 | 1335 | 548 | 1132 | 276 | |
| 14 | गया | 24 | 2921 | 2820 | 491019 | 192460 | 191256 | 1204 | 683479 | 2713 | 649 | 2171 | 477 | |
| 15 | नवादा | 14 | 1099 | 1060 | 261231 | 28458 | 28458 | 0 | 289689 | 800 | 491 | 569 | 179 | |
| 16 | वैशाली | 16 | 1582 | 1503 | 101045 | 235546 | 71769 | 163777 | 336591 | 1478 | 845 | 658 | 295 | |
| 17 | औरंगाबाद | 11 | 1884 | 1846 | 136521 | 343636 | 327114 | 16522 | 480157 | 1677 | 1015 | 831 | 297 | |
| 18 | मुजफफपुर | 16 | 1827 | 1721 | 113168 | 341839 | 239036 | 102803 | 455007 | 1535 | 765 | 956 | 317 | |
| | कुल | 314 | 28443 | 26786 | 4617021 | 2960986 | 2407740 | 553246 | 7578007 | 22621 | 9384 | 17402 | 4762 | |

B:\Dharmveer\Y- 2025\Birendra Sir\Proceeding_S.O_17.01.2025_18_district.docx

समीक्षा के क्रम में सभी जिलों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि द्वितीय चरण में चयनित सभी राजस्व ग्रामों में प्रपत्र–1 में जिलास्तरीय उद्घोषणा प्रकाशित किये जाने के उपरांत सभी ग्रामों में ग्राम सभा का आयोजन करने के उपरांत ग्राम सभा की कार्रवाई भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दी गई है। वर्त्तमान समय में प्रत्येक ग्राम से संबंधित रैयतों द्वारा ऑनलाईन/ऑफलाईन माध्यम से स्वघोषणा एवं वंशावली समर्पित की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रपत्र–5 के संधारण का कार्य प्रगति पर है। जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि सर्वर संबंधी समस्या के कारण प्रपत्र–5 के संधारण की प्रगति बाधित हो रही है। बैठक में सर्वर संबंधी समस्या के संबंध में श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर द्वारा जानकारी दी गई कि सर्वर पर स्थान की उपलब्धता से संबंधित समस्या का निदान कर दिया गया है एवं यथाशीघ्र सर्वर पर प्रमंडलवार स्थान उपलब्ध कराये जाने के पश्चात सर्वर से संबंधित समस्या का पूर्ण रूप से समाधान हो जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से 18 जिलों में चल रहे प्रपत्र–5 के संधारण के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा उपरांत निम्नांकित निदेश दिये गयेः–

(i) निदेशित किया गया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए जिला स्तर प्रशिक्षण एवं अन्य सभी मदों में जो भी राशि उपलब्ध कराई है, उन्हें यथाशीघ्र नियमानुकूल व्यय करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र निदेशालय को उपलब्ध कराया जाय। इस क्रम में कुछ जिलों द्वारा बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण अमीनों के जिलास्तरीय प्रशिक्षण के क्रम में नियमित अमीनों को सम्मिलित होने एवं कुछ प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षकों को होटल में आवासन की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के कारण अतिरिक्त आवंटन की आवश्यकता है। यह भी बताया गया कि विविध कार्यो के लिए शिविर स्तर पर 10,000/–(दस हजार) रूपये प्रति माह जो आवंटन उपलब्ध कराया गया है उसे व्यय करने के संबंध में मार्गदर्शन की आवश्यकता है क्योकि शिविर प्रभारी स्तर पर कोई भी खाता संचालित नहीं है, साथ ही शिविर के लिए आवश्यक प्रिंटर का क्रय इस आवंटन से किया जा सकता है अथवा नहीं। निदेशित किया गया कि निदेशालय द्वारा जिन जिलों में अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है, उन्हें आवंटन एवं व्यय के संबंध में स्पष्ट मार्गदर्शन देते हुए उनके स्तर से अतिरिक्त आवंटन के लिए यथाशीघ्र प्रस्ताव प्राप्त कर आवंटन उपलब्ध कराया जाय। शिविर के लिए आवंटित की गई राशि के संबंध में बताया गया कि शिविरों के लिए जो राशि उपलब्ध कराई गई है उससे शिविरों की विविध आवश्यकताओं यथा– प्रिंटर, कॉटेज, साफ–सफाई इत्यादि के लिए व्यय किया जाए और विपत्र के आधार पर भुगतान किया जाए।

(ii) विभिन्न जिलों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि जिला स्तर पर बन्दोबस्त कार्यालय में लिपिक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की पर्याप्त संख्या नहीं होने के कारण कार्य निष्पादन में कठिनाई हो रही है। साथ यह भी प्रतिवेदित किया गया कि बड़ी संख्या में विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का अन्य सेवा में चयन होने के कारण भी विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की प्रगति प्रभावित होगी।

निदेशित किया गया कि निदेशालय स्तर से सभी बन्दोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित लिपिक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं जिलावार पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के पदवार पदस्थापन की संख्या के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्राप्त कर जिलावार/पदवार रिक्त पदों की वर्त्तमान अद्यतन स्थिति के संबंध में प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाय।

(iii) निदेशित किया गया कि विगत कुछ माह में सर्वर के कारण आ रही समस्या के कारण आम रैयतों में विशेष सर्वेक्षण के प्रति शिथिलता प्रदर्शित हो रही है, उसे दूर करने के लिए ग्रामवार सभा करते हुए रैयतों को सर्वे के प्रति जागरूक किया जाय।

(iv) निदेशित किया गया कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक–14302 दिनांक–11.01.2024 द्वारा बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामवार भू–खंडों के स्वामित्व संबंधी विवरणी निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया था। उसके आलोक में निर्धारित प्रपत्र के कॉलम–7 से लेकर 10 तक के संधारण का कार्य क्षेत्रीय स्तर पर अमीनों से करवाना सुनिश्चित किया जाय।

(v) निदेशित किया गया कि प्रत्येक दशा में फरवरी–2025 के अंत तक सर्वेक्षण पूर्व किए जाने वाले सभी कार्यों यथा– प्रपत्र–1 का प्रकाशन से प्रपत्र–5 के संधारण तक के सभी कार्यों को सभी शिविरों द्वारा पूरा कर लिया जाए एवं फरवरी के अन्त से सभी ग्रामों में किस्तवार का कार्य प्रारंभ कर दिया जाए, साथ ही प्रपत्र–5 के संधारण की समीक्षा प्रतिदिन प्रति अमीन द्वारा प्रतिदिन अपलोड किए गए पृष्ठों की संख्या के आधार पर की जाए न कि खेसरों की संख्या के आधार पर।

(vi) समीक्षा के क्रम में सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को बताया गया कि मुख्यालय स्तर पर विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के क्षेत्र से अनुपस्थित रहने की सूचना प्राप्त हो रही है।

निदेशित किया गया कि प्रत्येक जिले में विभिन्न अंचलों के शिविरों में जो भी कर्मी पदस्थापित है, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाए एवं सभी कर्मियों की व्यक्तिगत समीक्षा करते हुए उनके कार्यों का सतत् अनुश्रवण किया जाए। इस क्रम में यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में पदस्थापित प्रत्येक कर्मी का महीने में एक बार व्यक्तिगत रूप से मुल्यांकन अवश्य हो। साथ ही विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की कम्प्यूटर/लैपटॉप से सम्बन्धित योग्यता का भी परीक्षण किया जाए।

(vii) बन्दोबस्त पदाधिकारी, गया द्वारा बताया गया कि समाहरणालय द्वारा यह कहकर विगत सर्वे खतियान की स्कैन कॉपी उपलब्ध नहीं कराया गया है कि CBSL एजेंसी द्वारा स्कैन हुए खतियान की II QC पूरी नहीं हुई है।

निदेशित किया गया कि अपर समाहर्त्ता, गया से संपर्क स्थापित कर समस्या का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए।

(viii) निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम में संलग्न किसी भी कर्मी के सम्बन्ध में किसी रैयत द्वारा कोई शिकायत समर्पित की जाती है तो प्रत्येक आवेदन के विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

(ix) निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम में अंचल स्तर से विभिन्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में सहयोग प्राप्त करने के लिए अंचलाधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित किया जाए और आवश्यकतानुसार बैठक भी की जाए। यदि किसी अंचलाधिकारी अथवा जिला प्रशासन से संबंद्ध राजस्व पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा सहयोग नहीं किया जाता है तो उसके विरूद्ध लिखित प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराया जाए।

(x) बैठक में उपस्थित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों को निदेशित किया गया कि द्वितीय चरण के लिए चयनित 445 अंचलों में जिन अंचलों/ग्रामों का प्रथम मानचित्र सम्बन्धित बन्दोबस्त कार्यालयों को उपलब्ध कराया जाना है, उनमें जिन ग्रामों का भी मानचित्र लंबित है, उन्हें यथाशीघ्र सम्बन्धित बन्दोबस्त कार्यालयों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा उनको किए जाने वाले भुगतान की राशि में कटौती की जाएगी।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
(जय सिंह)
सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना

**e-Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**स0सं0:–17–तक0को0–312/2018–Part-IV.......................**

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ..........673.......... **पटना, दिनांक**: 10/02/2025

**प्रतिलिपि** : सभी समाहर्त्ता/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

07/02/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ..........673.......... **पटना, दिनांक**: 10/02/2025

**प्रतिलिपि** : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

07/02/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ..........673.......... **पटना, दिनांक**: 10/02/2025

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/अवर सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

07/02/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ......673...... **पटना, दिनांक**: 10/02/2025
**प्रतिलिपि** : हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd., GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

07/02/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ......673...... **पटना, दिनांक**: 10/02/2025
**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07/02/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ......673...... **पटना, दिनांक**: 10/02/2025
**प्रतिलिपि** : सचिव/अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

07/02/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV ......673...... **पटना, दिनांक**: 10/02/2025
**प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

07/02/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप